कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/माध्य/मा–द/अंग्रेजी माध्यम/प्रवेश/2019–20 | 312 दिनांकः 13-11-2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान।

स्मरण पत्र
अति आवश्यक

विषय :– राज्य के 167 ब्लॉक में अंग्रेजी माध्यम के राजकीय विद्यालय स्थापित किए जाने हेतु उपयुक्त विद्यालय का चयन करने बाबत्।

प्रसंग :– शासन का पत्रांकः प 4(15) शिक्षा–1/2019 दिनांक 05.11.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी माध्यम के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय इस कार्यालय के समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांक 16.06.2019 द्वारा स्थापित किए जा चुके हैं। शासकीय निर्देशो के क्रम में उक्त योजना के आगामी चरण में राज्य के 167 ब्लॉक मुख्यालयों पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) स्थापित किए जाने हेतु इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 07.08.2019 द्वारा आपके जिला क्षेत्राधिकार में अग्रांकित निर्देशानुरूप उपयुक्त विद्यालय का चयन किए जाने की कार्यवाही प्रारम्भ करने सम्बन्धी सूचना चाही गई थी, जो कि आज दिनांक तक अप्राप्त है। प्रासंगिक शासकीय पत्र के द्वारा उक्त 167 ब्लॉक में चरणबद्ध रूप से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) की स्थापना की प्रगति सम्बन्धी सूचना चाही गई है, अतः आपके जिला क्षेत्राधिकार में अग्रांकित निर्देशानुरूप उपयुक्त विद्यालय के चयन सम्बन्धी कार्यवाही सम्पादित कर तत्सम्बन्धी प्रस्ताव तीन दिवस की समयवधि में इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें :–

1. वर्तमान में राज्य के कुल 301 ब्लॉक में से 134 ब्लॉक में स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल संचालित हैं, शेष 167 ब्लॉक में अंग्रेजी माध्यम के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं। उक्तानुरूप आप अपने जिला क्षेत्राधिकार में उन ब्लॉक को तत्काल चिन्हित करें, जिन ब्लॉक में कोई भी स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल संचालित नहीं है।
2. उपर्युक्तानुसार चयनित समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर आगामी सत्र से अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय स्थापित किया जाना है। उक्त क्रम में चयनित समस्त ब्लॉक में ब्लॉक मुख्यालय पर कक्षा 1 से 12 / 1 से 10 तक संचालित विद्यालयों में से एक विद्यालय, जिसका स्वयं का पर्याप्त भूमि–भवन हों तथा जो उपयुक्त भौतिक अवसंरचनायुक्त (यथा पर्याप्त अतिरिक्त कक्षा–कक्ष एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो) हों, का चयन कर इस कार्यालय को सूचित करावें।
3. चूंकि अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय की स्थापना हेतु उक्त चयनित विद्यालय को रूपान्तरित कर की जानी है, अतः पूर्व में हिन्दी माध्यम में संचालित उक्त विद्यालय के समस्त हिन्दी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समीपवर्ती विद्यालयों में प्रवेश दिलवाया जायेगा। उक्तानुरूप अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में रूपान्तरण हेतु उपयुक्त विद्यालय का चयन पारस्परिक विमर्श एवं चिन्तन पश्चात् किया जाना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. शासन उप सचिव प्रथम शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग शासन सचिवालय जयपुर को प्रसांगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ।
2. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
5. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

D:\ma - D:\General letter\General latter.doc181